08.07.24



Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी साहित्य

पुस्तक : तरंग हिन्दी पाठमाला -3

उपविषय : पाठ-6 'बरखा रानी' के प्रश्नोत्तर

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम कक्षा तीसरी की हिन्दी साहित्य की पाठ्य पुस्तक तरंग हिन्दी पाठमाला भाग-तीन में दिए पाठ-6 'बरखा रानी' के लिखित प्रश्नोत्तर करेंगे।

प्रश्न 1. बरखा रानी कैसे आती है ?
उत्तर- बरखा रानी बूँदों की लड़ियाँ लेकर छम-छम करके पानी बरसाते हुए आती है।

प्रश्न 2. कुहू-कुहू कौन करता है ?
उत्तर - कोयल कुहू-कुहू करके सबके मन को प्रसन्न कर देती है।

प्रश्न 3. वर्षा आने पर सूखी धरती को क्या लाभ होता है ?
उत्तर- वर्षा आने पर सूखी धरती की प्यास बुझ जाती है और वह हरी-भरी हो जाती है।

कक्षा - तीसरी

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी साहित्य

प्रश्न 4. वर्षा के आने पर कौन खुशी से झूमने लगते हैं ?

उत्तर- वर्षा के आने पर हरे-भरे खेत-खलिहान खुशी से झूमने लगते हैं।

प्रश्न 5 बारिश आने पर तुम क्या करते हो ?

उत्तर - बारिश आने पर हम बारिश में भीगना पसंद करते हैं और चाय-पकौड़ों का आनंद लेते हैं।

गृहकार्य

सभी छात्र इन प्रश्नोत्तर को अपनी-अपनी हिन्दी साहित्य की कॉपी में लिखेंगे और याद भी करेंगे।

धन्यवाद।

[Last Page]